# ग्रीनहशगि और इसके नहितािर्थ

## प्रारंभकि परीक्षा के लयि:

ग्रीनहशगि, ईएसजी (पर्यावरण, सामाजकि और शासन) , ग्रीनवाशगि , कार्बन तटस्थता , यूरोपीय संघ का ग्रीनवाशगि नर्िदेश ।

## मेन्स  के लयि:

वैश्वकि स्थरिता परवि्रतन में ग्रीनहशगि के नहितािर्थ ।

सरोत: डाउन टू अर्थ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में, दुनयिा भर में कार्बन-न्यूट्रल प्रमाणति फर्मों की संख्या में वृद्धि हुई है , लेकनि उनमें से कई अपनी पर्यावरणीय उपलब्धयिों को **बढ़ावा नहीं देना चाहते हैं , जसिके परणािमस्वरूप "ग्रीनहशगि"** के रूप में जाना जाने वाला वैश्वकि रुझान सामने आया है ।

- **परोपकारति और अपनी सामाजकि प्रमुखता** को बनाए रखने की इच्छा से प्रेरति फर्म संवाद करने में अनच्छुिक होती हैं और ग्रीनहशगि की ओर प्रवृत्त होती हैं ।

## ग्रीनहशगि क्या है?

- ग्रीनहशगि तब होती है जब कंपनयिाँ अपने पर्यावरणीय **लक्ष्यों और उपलब्धयिों  के बारे में जानकारी कम बताती हैं या रणनीतकि रूप से छपािते हैं ।**
- ग्रीनहशगि कंपनयिाँ **अपनी हरति साख का वज्ञिापन नहीं करती हैं,** या पर्यावरणीय स्थरिता के प्रतिअपनी भावी प्रतबिद्धताओं के बारे में जानबूझकर चुप रहती हैं ।

## कंपनयिाँ ग्रीनहशगि क्यों करती हैं?


- **संयुक्त राज्य अमेरकिा में मुकदमेबाजी संबंधी चतिाएँ :** संयुक्त राज्य अमेरकिा में, **सार्वजनकि कंपनयिों को मुकदमों का** सामना करना पड़ सकता है यदि उन्हें **शेयरधारक मुनाफे की तुलना में स्थरिता को प्राथमकिता देते हुए देखा जाता है ।**
  - यह कानूनी ज़ोखमि कम्पनयिों को अपने पर्यावरणीय पहलों पर खुले तौर पर चर्चा करने से हतोत्साहति करता है ।
- **ईएसजी के वरिुद्ध प्रतकि्रयिा:** अमेरकिा के रूढ़विादी राज्यों में ईएसजी (पर्यावरण, सामाजकि और शासन) प्रयासों  **के वरिुद्ध प्रतकि्रयिा हुई है ।**
  - **इसने कुछ कम्पनयिों को राजनीतकि और नयिामक जाँच से बचने**  के लयि अपने पर्यावरणीय लक्ष्यों पर चर्चा करना बंद करने के लयि प्रेरति कयिा है ।
- **हरति उत्पादों की नम्नि गुणवत्ता:** कई उपभोक्ता हरति उत्पादों को **नम्नि गुणवत्ता या उच्च कीमत से जोड़ते हैं ।**
  - इसलयि, कई कंपनयिाँ अपने उत्पादों के पर्यावरणीय लाभों को बढ़ावा देने में अनच्छुिक रहती हैं, जसिसे इन नकारात्मक धारणाओं को बल मलिने से **उनके ब्रांड को नुकसान हो सकता है ।**
- **भवषि्योन्मुखी प्रतबिद्धताओं से बचना:** जो कंपनयिाँ अपने स्थायत्वि प्रयासों के बारे में मुखर होती हैं, वे प्राय: **ध्यान आकर्षति करती हैं** तथा उनसे **उच्च मानकों की अपेक्षा की जाती है ।**
  - चुप रहकर, कंपनयिाँ **भवषि्य की प्रतबिद्धताओं** की अपेक्षाओं या अधकि महत्वाकांक्षी पर्यावरणीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के दबाव से **बच सकती हैं ।**
- **ग्राहकों की असुवधिा से बचना: जब लोग छुट्टयिों पर होते हैं, तो वे प्राय:** जलवायु परवि्रतन **या** संसाधनों की कमी जैसी समस्याओं से बचना चाहते हैं ।
  - अतः पर्यटन उद्योग में कई व्यवसाय अपने ग्राहकों को **असुवधिा से** बचाने के लयि अपने पर्यावरणीय प्रयासों को गुप्त रखना **पसंद करते**

**हैं।**

- **ग्रीनवाशिंग के आरोप:** **[ग्रीनवाशिंग]** के सार्वजनिक आरोप किसी फर्म की छवि को नुकसान पहुँचा सकते हैं और ब्रांडों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचा सकते हैं। आलोचना के नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिये, ये फर्म **बाहरी दर्शकों** से अपनी उपलब्धियों को **गुप्त रखना पसंद करती हैं।**
  - **ग्रीनवाशिंग** एक शब्द है जिसका प्रयोग तब किया जाता है जब कोई कंपनी **गलत या भ्रामक वक्तव्य देती है** कि उनके उत्पाद/सेवाएँ वास्तविकता से अधिक सतत् **हैं।**
- **उपभोक्ताओं की मांग में कमी:** कई उपभोक्ता या तो **[कार्बन तटस्थता]** के बारे में अनभिज्ञ हैं या खरीदारी का निर्णय लेते समय शायद ही कभी **कार्बन तटस्थ उत्पादों के बारे में पूछते हैं।**
  - ग्राहकों की मांग के बिना, कंपनियाँ अपनी कार्बन तटस्थता के विज्ञापन पर धन खर्च करने में अनिच्छुक हैं।

//

दृष्टि The Vision




## कंपनियाँ कार्बन न्यूट्रल प्रमाणति क्यों होती हैं?

- **प्रतस्पिर्द्धात्मक लाभ:** कार्बन तटस्थता **प्रतस्पिर्द्धयों** से स्वयं को **अलग करने** , प्रतभा को आकर्षति करने और बेहतर शर्तों पर वत्ति तक पहुँच बनाने में सहायता करती है।
- **सामाजकि प्रमुखता बनाए रखना:** कुछ कंपनयाँ अपनी **सामाजकि प्रमुखता बनाए रखने और सार्वजनकि धारणा** और हतिधारकों के वश्विास में

सुधार करने के लिये हितधारकों के साथ मजबूत संबंध बनाने के लिये कार्बन तटस्थता की मांग करती हैं।

- **नैतिक प्रतिबद्धता:** नैतिक रूप से प्रेरित कंपनियाँ **कार्बन तटस्थता का प्रयास करती हैं** क्योंकि उनका मानना है कि ऐसा करना सही है।
  - ये कंपनियाँ **पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जुनून** और ग्रह की रक्षा की **ज़िम्मेदारी की भावना से प्रेरित हैं।**

## ग्रीनहशिंग से संबंधित चिंताएँ क्या हैं?

- **बढ़ती वैश्विक प्रवृत्ति: जलवायु परामर्श फर्म साउथ पोल** की एक रिपोर्ट में पाया गया कि सर्वेक्षण में शामिल **58%** कंपनियाँ बढ़ती हुई विनियमन और जाँच के कारण **जलवायु संबंधी अपने संचार को कम कर रही हैं।**
- **पारदर्शिता में कमी:** जब कंपनियाँ अपने स्थिरता प्रयासों के बारे में खुले तौर पर जानकारी नहीं देती हैं, तो कार्बन उत्सर्जन को कम करने में उनकी प्रगति का **आकलन करना कठिन हो जाता है।**
  - इससे जलवायु कार्रवाई की प्रगति को **ट्रैक करने और सत्यापित करने** की क्षमता कम हो जाती है।
- **वैश्विक स्थिरता परिवर्तन में धीमापन:** यदि ये व्यवसाय अपने पर्यावरणीय प्रयासों के बारे में जानकारी को रोकते हैं, तो इससे **धारणीय प्रथाओं को अपनाने में देरी हो सकती है, जिससे** जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये समग्र वैश्विक प्रयास कमज़ोर हो सकता है।
- **डोमिनो प्रभाव:** स्थिरता प्रयासों का विरोध करने वाले क्षेत्रों या उद्योगों से **प्रतिकूल प्रतिक्रिया** का भय **अन्य व्यवसायों और कंपनियों को** सतत् प्रथाओं को अपनाने से रोकता है।
- **उपभोक्ताओं पर प्रभाव:** जब कंपनियाँ अपनी स्थिरता संबंधी उपलब्धियों के बारे में चुप रहती हैं, तो इससे उपभोक्ता कम टिकाऊ उत्पाद खरीदना जारी रख सकते हैं , **जिससे अनजाने में** [पर्यावरण अनुकूल] विकल्पों की मांग धीमी हो जाती है।

## ग्रीनहशिंग की समस्या से निपटने के लिये क्या किया जा सकता है?

- **सततता पर प्रकाश डालना:** कंपनियों को इस बात पर बल देना चाहिये कि पर्यावरणीय स्थिरता एक **यात्रा है न कि एक लक्ष्य।**
  - अपने दर्शकों को शामिल करने और निरंतर सुधार के लिये उनके प्रयासों को उजागर करने से **आलोचना कम हो सकती है** और ग्रीनवाशिंग के आरोपों के बारे में **चिंताएँ दूर हो सकती हैं।**
- **बेहतर विनियमन और दिशा-निर्देश:** बेहतर विनियमन **स्पष्टता ला सकते हैं,** विश्वास का निर्माण कर सकते हैं और खेल के मैदान को समतल कर सकते हैं। उदाहरण के लिये, [यूरोपीय संघ का ग्रीनवाशिंग निर्देश] **भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाता है और उपभोक्ताओं को बेहतर उत्पाद जानकारी** प्रदान करता है।
- सततता **पर उपभोक्ता शिक्षा:** स्थिरता के बारे में उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने से हरित उत्पादों के प्रति **नकारात्मक धारणा को परिवर्तित करने** और अधिक सतत् कंपनियों को चयन में सहायता मिल सकती है।

| दृष्टि मुख्य परीक्षा प्रश्न: |
|---|
| प्रश्न: कॉर्पोरेट पर्यावरणीय जिम्मेदारी के संदर्भ में "ग्रीनहशिंग" की अवधारणा पर चर्चा कीजिये। सतत् रिपोर्टिंग के लिये इसके क्या निहितार्थ हैं? |

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/greenhushing-and-its-implications